# राज्यपाल सचिवालय,
# राजभवन, जयपुर

क्रमांक : एफ.1(A)(3)आर.बी. / 2024 / 3526 दिनांक : 21 जून, 2024

## —: कार्यवाही विवरण :—

राज्य के वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण की समन्वय समिति की बैठक माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 14.05.2024 को प्रातः 10:30 बजे राजभवन, जयपुर में आयोजित हुई, जिसमें माननीय गृह राज्य मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढ़म, मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार एवं विश्वविद्यालयों से संबंधित प्रशासनिक विभागों के अधिकारीगण तथा समस्त कुलपतिगण उक्त बैठक में उपस्थित रहे।

1. बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों की सूची **संलग्नक – 1** पर संलग्न है।

2. बैठक राष्ट्रगान के साथ प्रारम्भ हुई एवं इसके पश्चात सचिव, माननीय राज्यपाल द्वारा बैठक में उपस्थित सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं माननीय राज्यपाल महोदय की अनुमति उपरान्त बैठक की रूपरेखा से सभी प्रतिभागियों को अवगत कराते हुए माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय को प्रारम्भिक उद्बोधन हेतु निवेदन किया।

3. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा बहुमुखी प्रक्रिया है। शिक्षा के जरिए ही सर्वांगीण विकास के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। कुलपति समन्वय समिति की बैठक का उद्देश्य यही है कि विश्वविद्यालयों के माध्यम से हम मानव एवं समाज दोनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र विकास में सहयोग कर सकें।

   **"राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020"** भारत की हमारी प्राचीन ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करने वाली है। समृद्ध और उन्नत भारतीय ज्ञान परंपरा की सूक्ष्म समझ से जुड़ी यह नीति गांधीजी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के दृष्टिकोण से प्रेरित और आत्मनिर्भर भारत की आकांक्षा की पूर्ति करने वाली है।

   नई शिक्षा नीति विद्यार्थी केंद्रित है तो इसका अर्थ है, शिक्षक ऐसे हों जो विद्यार्थी को उनकी भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप पढ़ाई कराएं, उन्हें भविष्योन्मुख रोजगार के लिए तैयार करें और पाठ्यचर्या, पर्यावरण के आलोक में शिक्षण की ऐसी कला एवं तकनीक विकसित करें जिससे शिक्षा बोझिल नहीं रहे।

   अभी देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने **"विकसित भारत 2047"** की जो संकल्पना संजोई है उसका मूल निहितार्थ यही है कि भारत फिर से विश्व गुरु बने। इसका बड़ा आधार शिक्षा ही है। शिक्षा के जरिए बड़े स्तर पर युवाओं की मानसिकता में बदलाव किया जा सकता है।



3

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और पुनरुद्धार के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में मौलिक शोध और अनुसंधान की नई राहों की ओर हमें आगे बढ़ना चाहिए। पाठ्यक्रमों में आधारभूत परिवर्तन और विषयों के चयन में लचीलापन रहे। विश्वविद्यालयों में बहुविषयक और अंतरविषयक अनुसंधान और पठन–पाठन की दिशा में कार्य हो। वहां इन्नोवेशन सेंटर, इन्क्यूबेशन सेंटर, नवीन स्टार्ट–अप के लिए विद्यार्थी तैयार हों।

4. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के उद्बोधन पश्चात् उनकी अनुमति से सचिव, माननीय राज्यपाल द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई एवं एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा प्रारम्भ की गई। सचिव, माननीय राज्यपाल द्वारा प्रस्तुत एजेण्डा बिन्दुओं का पावर पॉइन्ट प्रस्तुतिकरण किया गया।

5. बैठक में समस्त 16 एजेण्डा बिन्दुओं पर विचार–विमर्श एवं तद्नुसार लिये गये निर्णय की सूची संलग्न है (**संलग्नक – 2**)।

6. प्रो. ए.के. गहलोत द्वारा विश्वविद्यालयों में Recent Guidelines from UGC के संबंध में PPT का प्रस्तुतिकरण किया गया (**संलग्नक – 3**)

7. सत्र 2021–22 हेतु सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के **"कुलाधिपति पुरस्कार"** हेतु मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर को चयनोपरांत माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा कुलपति, मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

8. बैठक में समस्त 16 एजेण्डा बिन्दुओं पर विचार–विमर्श के उपरान्त माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय तथा प्रशासनिक विभागों के अधिकारीगण द्वारा निम्नानुसार अपने मत/विचार व्यक्त किये गये :–

- **माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति –**
  - ➢ विश्वविद्यालयों के विकास के लिए यह जरूरी है कि सभी प्रतिबद्ध होकर कार्य करें।
  - ➢ समस्त राज्य वित्तपोषित विश्वविद्यालयों में एसयूएमएस को लागू करने के संबंध में जो भी बाधाएं है, उन्हें दूर कर सकारात्मक भाव रखते हुए इसे लागू किया जाए। इसी से विश्वविद्यालय भविष्य की आवश्यकताओं के संदर्भ में तेजी से विकास कर सकेंगे।
  - ➢ माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के निर्देशानुसार प्रो. ए.के. गहलोत द्वारा SUMS के संबंध में प्रस्तुतिकरण के माध्यम से यह बताया कि यह विश्वविद्यालयों का ई–गवर्नेन्स सिस्टम है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में एवं NEP-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु SUMS से विश्वविद्यालयों को बहुत सुविधा होगी। जिसके मद्देनजर इसके महत्व एवं आवश्यकता को समझते हुए इसे लागू करने की कार्यवाही की जाए। प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के साथ माह दिसम्बर, 2020 में आयोजित बैठक में उनके द्वारा शासन सचिव, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग से उक्त कार्य के संबंध में विचार–विमर्श की निरन्तरता में दिनांक 28.12.2020 को आयुक्त, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं उनकी तकनीकी टीम के साथ बैठक आयोजित की गयी, जिसमे उनके द्वारा



(5)

Chairman of the Committee on e-Governance को RISL एवं ITI Ltd द्वारा Quote किये गये per student cost को Review कर उन दोनों के प्रपोजल के Differentiate (Technical & Financial comparison) को वित्त विभाग के समक्ष लाकर वित्त विभाग के अप्रूवल हेतु सुझाव दिया गया।

उक्त संबंध में वित्त विभाग द्वारा उक्त कार्य हेतु व्यापक प्रतिस्पर्द्धा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए खुली निविदा आमंत्रित करने हेतु अपनी टिप्पणी दी गयी एवं जब तक रेगुलर टेण्डर से सभी विश्वविद्यालयों में स्थाई व्यवस्था लागू नहीं होती, तब तक प्रस्तावित कार्य राजस्थान सरकार के उपक्रम RISL (DOITC, GOR) द्वारा करवाये जाने हेतु संबंधित विश्वविद्यालयों को परीक्षण करने हेतु सलाह दी गयी।

वित्त विभाग द्वारा दी गयी टिप्पणी अनुसार कार्यवाही करने के संबंध में समस्त कुलपतिगण, राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों की बैठक दिनांक 01.07.2021 को आयोजित की गई, जिसमें सभी कुलपतियों ने मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर को SUMS का ओपन टेण्डर करने हेतु लीड विश्वविद्यालय बनाये जाने हेतु निर्णय लिया गया एवं समस्त विश्वविद्यालयों से इस संबंध में सहमति प्राप्त की गई। मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा ओपन टेण्डर किया जाकर एल–1 फर्म को SUMS हेतु अनुमोदित किया गया। तद्नुसार नोडल विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित अनुमोदित फर्म का माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा अनुमोदन करते हुए समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों को नोडल विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित फर्म से अंतिम रेट पर अपने स्तर पर कार्यादेश प्रेषित किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया, जिसकी सूचना राज्य सरकार को भी प्रेषित की गई।

- विश्वविद्यालयों में बायोमेट्रिक आधारित और मोबाइल एप से उपस्थिति बहुत जरूरी है। अतः इस पर सभी विश्वविद्यालय कार्य करे। 30 मई तक इसके लिए समय निर्धारित किया है। सभी गंभीरता से इसके लिए कार्य करे।
- सौर ऊर्जा के लिए सभी विश्वविद्यालय प्रभावी कार्य करें। 30 जून तक एक भी विश्वविद्यालय ऐसा नहीं रहे जो सौर ऊर्जा रहित हो।
- सभी विश्वविद्यालय CAS के अंतर्गत शिक्षकों की पदोन्नति की कार्यवाही 30.06.2024 तक संपादित करें।
- राज्य सरकार विभिन्न विश्वविद्यालयों (1) कौशल विश्वविद्यालय, जयपुर, (2) बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर, (3) कोटा विश्वविद्यालय, कोटा, (4) राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर एवं (5) राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति चयन हेतु सर्च कमेटी में सदस्य नामित करें।
- संस्कृत विश्वविद्यालय के विभिन्न स्तरों पर लंबित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण किया जाये।

- सभी विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों को इस प्रकार अद्यतन करें जिससे उनकी रोजगार परकता बढ़ें।
- विश्वविद्यालयों को अपनी आय में वृद्धि किये जाने हेतु सक्रिय प्रयास करने चाहिए। इस संबंध में समसामयिक पाठ्यक्रमों पर आधारित उपाधि दिये जाने पर कार्यवाही की जानी चाहिए।
- कृषि विश्वविद्यालयों को अपनी भूमि का यथोचित उपयोग करते हुए बीज विक्रय एवं अन्य कैश–क्रॉप इत्यादि के माध्यम से आय बढ़ाने पर विचार करना चाहिए।
- कृषि विश्वविद्यालयों को कृषक–उत्पादक संगठन (FPO) का अधिक से अधिक संख्या में गठन करना चाहिए ताकि कृषि शिक्षा का लाभ आम जनता तक पहुंच सके ।
- सभी विश्वविद्यालयों में रिक्तियों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। इस संबंध में सभी विश्वविद्यालय दिनांक 21.05.2024 तक रिक्तियों की पूर्ण एवं अघतन स्थिति राजभवन को प्रेषित करें, जिनको राजभवन स्तर पर संकलित करते हुए राज्य सरकार को भेजा जायेगा। तत्पश्चात राज्य सरकार एक तम समय–सीमा में इन रिक्तियों को विज्ञापित किये जाने की अनुमति प्रदान करें।
- विश्वविद्यालयों में अवकाश कैलेन्डर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में पुनर्विचार करते हुए सेमेस्टर पद्धति के अनुसार निर्धारित किया जाना चाहिए। इसमें खेल कैलेण्डर भी सम्मिलित किया जाये।
- सभी विश्वविद्यालयों द्वारा ई–लाइब्रेरी एवं पुस्तकालय व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने के सक्रिय प्रयास किये जाये।
- जिन विश्वविद्यालयों में संविधान पार्क का निर्माण पूर्ण नहीं हुआ है, वे दिनांक 30.06. 2024 तक पूर्ण करायें। जहाँ धनराशि उपलब्ध नही है, वे राज्य सरकार एवं अन्य संस्थाओं के सहयोग से शीघ्र स्थापित करायें।
- सभी विश्वविद्यालय मातृभाषा/हिन्दी में भी पाठ्यक्रम तैयार करायें। ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पठन–पाठन हो सके।
- जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर एवं एम.बी.एम. विश्वविद्यालय, जोधपुर के मध्य सम्पत्ति, दायित्वों, कार्मिकों एवं पेंशन के निस्तारण हेतु प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया जावे। जिसमें उक्त दोनो विश्वविद्यालयों के कुलपति, जिला कलक्टर, जोधपुर एवं शासन सचिव, वित्त सदस्य होगें।
- प्रदेश के सभी कृषि विश्वविद्यालयों की सम्पति, दायित्वों के निस्तारण हेतु प्रमुख शासन सचिव, कृषि की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया जावे। जिसमें संबंधित विश्वविद्यालयों के कुलपति, संबंधित जिला कलक्टर एवं शासन सचिव, वित्त सदस्य होगें।
- पी.एम उषा योजना के तहत जिन विश्वविद्यालयों द्वारा अपने प्रस्ताव प्रेषित नही किये गये है वे 31 मई 2024 तक अपने प्रस्ताव भिजवाये तथा जिन विश्वविद्यालयों को

राशि प्राप्त हो गई है वे 30 जून 2024 तक विस्तृत कार्य योजना बनाकर अवगत करावें।

- **अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग –**
  - ➢ जैसे वर्तमान समय में विदेशों में भारतीय नर्सेज के सेवा कार्यों की समस्त विश्व में अहमियत है वैसे ही हमारे विश्वविद्यालयों से अच्छे व प्रतिभावान छात्र–छात्राएं विदेशों में भेजने की दिशा में भी अनुकरणीय प्रयास किये जाए।
  - ➢ विश्वविद्यालयों की एक ही समस्या बार–बार समन्वय समिति की बैठक में उठाई जाती है तो कहीं न कहीं समन्वय की कमी है। जिसका आपसी समन्वय से निराकरण किया जाये।
  - ➢ विश्वविद्यालयों की अनेक समस्याओं यथा आर्थिक स्थिति, जी.एस.टी., यू.जी.सी. की अहर्ताएं, आपसी विवाद, पेंशन आदि का समाधान एक कमेटी के माध्यम से आपसी समन्वय स्थापित कर उन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।
- **प्रमुख शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग** –
  - ➢ विश्वविद्यालयों द्वारा विधानसभा प्रश्नों के जवाब ना ही तथ्यपरक दिये जाते है एवं ना ही समय पर दिये जाते है।
  - ➢ समस्त विश्वविद्यालयों को UGC Regulation 2018 को लागू किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।
  - ➢ कतिपय विश्वविद्यालयों द्वारा 10% से अधिक फीस में बढ़ोतरी की गई है। जिसके संबंध में अनेक शिकायतें प्राप्त हो रही है।
  - ➢ राज्य सरकार द्वारा Model Roster Register हेतु जारी निर्देशों की पूर्ण पालना विश्वविद्यालयों द्वारा की जावे।

9. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा समापन संबोधन में निम्न निर्देश/घोषणा की गई :–

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में उच्च शिक्षा में नवाचार अपनाते हुए विद्यार्थियों में मौलिक शोध और अनुसंधान की दृष्टि विकसित करने की दिशा में कार्य करें। सभी यह प्रयास करें कि विश्वविद्यालयों में बहु विषयक और अंतर विषयक अनुसंधान और पठन–पाठन की दिशा में कार्य हो। हर विश्वविद्यालय में इनोवेशन सेंटर, इन्क्यूबेशन सेंटर, नवीन स्टार्टअप के लिए भी निरंतर कार्य हो।
- मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर को सत्र 2021–22 के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय का "कुलाधिपति पुरस्कार" प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी प्रदान की।
- विश्वविद्यालयों में बायोमेट्रिक/मोबाइल एप आधारित उपस्थिति की व्यवस्था 30 मई तक सभी विश्वविद्यालयों में तत्परता से लागू की जाएगी। चरणबद्ध रूप से यह व्यवस्था विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों और संबद्ध कॉलेजों में भी लागू की जाएगी।

नवगठित विश्वविद्यालयों में संपत्तियों, दायित्वों, भूमि, पेंशन तथा अन्य मुद्दों के लिए कमेटी का गठन कर कार्य किया जाएगा। इसमें संबंधित जिला कलेक्टर भी सम्मिलित होंगे ताकि नए विश्वविद्यालयों से जुड़े मुद्दों का प्रभावी समाधान समय पर हो सके। सामाजिक सहभागिता महत्वपूर्ण है। प्रत्येक विश्वविद्यालय पांच-पांच ग्राम गोद लेकर उनके विकास के लिए कार्य करेंगे।

- राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में रोजगारोन्मुखी कौशल विकास समावेशी कार्यक्रम लागू किए जाएंगे। प्रदेश में स्थानीय उद्योगों एवं विश्वविद्यालय सहभागिता से रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। विश्वविद्यालयों में शोध एवं अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार करने पर भी जोर दिया। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सभी विश्वविद्यालयों में पूरी तरह से लागू किया जाए।
- विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक और अशैक्षणिक रिक्त पदों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने रिक्त पदों को भरे जाने के लिए भी चरणबद्ध प्रभावी कार्यवाही किए जाने पर जोर दिया। बैठक में विश्वविद्यालय अधिनियमों के प्रावधानों के अनुसार कुलसचिव और वित्त नियंत्रक के पदों पर विज्ञापन के माध्यम से आवेदन प्राप्त कर उन्हें भरे जाने, इन पदों पर लगने वाले प्रशासनिक अधिकारियों के आकर्षण के लिए अतिरिक्त भत्ते के प्रावधान, प्रोत्साहन आदि पर भी चर्चा की गई। इन पदों पर ऐसे अधिकारी लगाए जाएं जो विश्वविद्यालय के हित में प्रभावी सेवाएं दें।
- राजस्थान के विश्वविद्यालय भारत को एक ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के अंतर्गत विश्व गुरु और विश्व शक्ति बनाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने विश्वविद्यालयी शिक्षा के जरिए युवाओं को देश के विकसित भविष्य के लिए कार्य करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। राज्य के विश्वविद्यालय शिक्षा के जरिए स्थानीय संसाधनों को वैश्विक उत्पादन के रूप में और देश के उपलब्ध मानव संसाधन को राष्ट्र के विकास में लगाने की दिशा में कार्य करे।
- विश्वविद्यालयों द्वारा गोद लिए गांवों में श्रमदान, लाइफ स्किल प्रशिक्षण प्रारंभ किए जाने, पाठ्यक्रम अद्यतन करने और रेडक्रॉस के साथ समन्वय कर समाजोपयोगी गतिविधियां का अधिकाधिक क्रियान्वयन किए जाने का भी आह्वान किया। विश्वविद्यालयों में एकीकृत प्रबंध व्यवस्था आवश्यक रूप से लागू किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न स्तर पर इस बारे में आने वाली बाधाओं को तत्काल दूर करने की भी हिदायत दी तथा कहा कि यह विश्वविद्यालयों की ई गवर्नेंस है। विश्वविद्यालय एवं वित्त विभाग के स्तर पर जल्द किए जाने के निर्देश दिए। जिन विश्वविद्यालयों की नेक एक्रीडेशन नहीं हुई हैं, वे इसे प्राप्त करने के लिए जल्द से जल्द कार्यवाही करे।
- कुलपतियों से आग्रह किया कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में उच्च शिक्षा में नवाचार अपनाते हुए विद्यार्थियों में मौलिक शोध और अनुसंधान की दृष्टि विकसित करने की दिशा में कार्य करें। सभी यह प्रयास करें कि विश्वविद्यालयों में बहु विषयक और अंतर विषयक अनुसंधान और पठन-पाठन की दिशा में कार्य हो। हर विश्वविद्यालय में इनोवेशन सेंटर, इन्क्यूबेशन सेंटर, नवीन स्टार्टअप के लिए भी निरंतर कार्य हो।

- उन्होंने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक घरानों से विचार विमर्श कर कौशल विकास हेतु विश्वविद्यालय विशेष रूप से कार्य करें। बैठक में जिन विश्वविद्यालयों में सौर ऊर्जा उपकरण नहीं लगे हैं, वहां 30 जून, 2024 तक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।
- विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने अपने अपने विश्वविद्यालयों में किए गए नवाचारों, नई शिक्षा नीति को लागू किए जाने संबंधित प्रयासों, गांव गोद लेकर किए जा रहे कार्यों, शैक्षिक गुणवत्ता के लिए किए जा रहे कार्यों के साथ प्रदेश में विश्वविद्यालयों के तेजी से विकास की आवश्यकताओं के बारे में सुझाव दिए।
- बैठक में राज्यपाल सलाहकार बोर्ड के सदस्य, पूर्व कुलपति, राजूवास, बीकानेर एवं शिक्षाविद प्रो. ए.के. गहलोत ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नवीन निर्देशों के आलोक में रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम और विद्यार्थियों के कौशल विकास से जुड़े विषयों के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। सचिव, माननीय राज्यपाल द्वारा कुलपति समन्वय समिति की बैठक के अंतर्गत प्रस्तावित विषयों के साथ विश्वविद्यालयों द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी। बैठक में प्रमुख विशेषाधिकारी, माननीय राज्यपाल सहित अन्य प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया।

10. सचिव, माननीय राज्यपाल द्वारा बैठक में उपस्थित माननीय मंत्री महोदय, सभी प्रशासनिक अधिकारीगण, समस्त राज्य वित्तपोषित विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण एवं राजभवन के अधिकारीगण के प्रति आभार प्रकट किया गया एवं धन्यवाद प्रस्ताव रखा। अंत में राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन किया गया।

सचिव,
राज्यपाल, राजस्थान

क्रमांक : एफ.1(A)(3)आर.बी. / 2024 / 3527 दिनांक : 21 जून, 2024

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय उप मुख्यमंत्री, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा आयुर्वेद विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, कृषि विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, संस्कृत शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
5. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, खेल एवं युवा मामलात तथा कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
6. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, चिकित्सा शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
7. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
8. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, पशुपालन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
9. उप सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर।
10. प्रो. ए. के. गहलोत, सदस्य, राज्यपाल सलाहकार बोर्ड, राजभवन, जयपुर।

सचिव,
राज्यपाल, राजस्थान

क्रमांक : एफ.1(A)(3)आर.बी. / 2024 / 3528 दिनांक : 21 जून, 2024

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं कार्यवाही विवरण का पालना प्रतिवेदन आवश्यक रूप से भिजवाये जाने हेतु प्रेषित है :—

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. अतिरिक्त मुख्य सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
5. प्रमुख शासन सचिव, कृषि विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
6. प्रमुख शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
7. प्रमुख शासन सचिव, युवा मामलात एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
8. प्रमुख शासन सचिव, पशुपालन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
9. शासन सचिव, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
10. शासन सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
11. शासन सचिव, आयुर्वेद विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
12. शासन सचिव, सूचना, प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
13. आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
14. कुलपतिगण, समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय, राजस्थान।

सचिव
राज्यपाल, राजस्थान

क्रमांक : एफ.1(A)(3)आर.बी. / 2024 / 3529 दिनांक : 21 जून, 2024

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. प्रमुख विशेषाधिकारी, माननीय राज्यपाल, राजभवन, जयपुर।
2. निदेशक (जनजाति कल्याण) एवं संयुक्त सचिव, माननीय राज्यपाल, राजभवन, जयपुर।
3. परिसहाय, माननीय राज्यपाल, राजभवन, जयपुर।
4. उप सचिव, माननीय राज्यपाल, राजभवन, जयपुर।
5. वित्तीय सलाहकार, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर।
6. उप सचिव–द्वितीय, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर।
7. अतिरिक्त निदेशक, जनजाति कल्याण, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर।
8. अतिरिक्त निदेशक, जनसम्पर्क प्रकोष्ठ, राजभवन, जयपुर।
9. नियंत्रक, राज्यपाल हाउसहोल्ड, राजभवन, जयपुर।
10. संयुक्त विधि परामर्शी, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर।
11. प्रभारी आई.टी., राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर।
12. निजी सचिव, सचिव, माननीय राज्यपाल, राजभवन, जयपुर।
13. निजी सहायक, उप सचिव, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर।

सचिव
राज्यपाल, राजस्थान

| क्र.स. | एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई चर्चा | एजेण्डा बिन्दुओं पर लिया गया निर्णय | विभाग/विश्वविद्यालय जिससे क्रियान्विति अपेक्षित है। |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गत कुलपति समन्वय समिति की बैठक दिनांक 08.05.2023 के कार्यवाही विवरण की पालना। | • सचिव, माननीय राज्यपाल द्वारा अवगत कराया गया कि कुलपति समन्वय समिति की गत बैठक दिनांक 08.05.2023 को आयोजित की गई थी, जिसका कार्यवाही विवरण दिनांक 19.05.2023 को जारी किया गया। चूंकि गत कार्यवाही विवरण के संबंध में कोई आपत्ति किसी प्रतिभागी से प्राप्त नहीं हुई। अतः कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्ताव पर सभी सदस्यों द्वारा सहमति जताई गई है। | सचिव, माननीय राज्यपाल द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव स्वीकार कर तदनुसार दिनांक 19.05.2023 को जारी कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। साथ ही जिन विश्वविद्यालयों/विभाग द्वारा पालना नहीं की गई है, उनके द्वारा पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। | – |
| 2. | यू. एस. आर. एवं चांसलर्स Initiatives के अंतर्गत किये गये कार्यों का विवरण–<br>a. राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में संविधान पार्क की अद्यतन स्थिति व शेष रहे संविधान पार्कों का 30 जून, 2024 तक आवश्यक रूप से कार्य पूर्ण करवाकर लोकार्पण करवाया जाना सुनिश्चित करना।<br>b. राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों द्वारा गोद लिये गॉवों की वर्ष 2023–24 की प्रगति व वर्ष 2024–25 की प्रभावी कार्य योजना | **A.- संविधान पार्क :–**<br>• कुलपति विश्वकर्मा कौशल वि.वि., जयपुर द्वारा अवगत कराया कि उनके पास भूमि उपलब्ध नहीं है, भूमि उपलब्ध हो जाने के उपरान्त आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।<br>• कुलपति, डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि वि.वि. द्वारा अवगत करवाया गया कि संविधान पार्क में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा लगाई जानी प्रस्तावित है। इस हेतु RSRDC को लिखा जा चुका है। वर्तमान में संविधान पार्क का निर्माण प्रक्रियाधीन है।<br>• कुलपति, जोबनेर विवि द्वारा अवगत करवाया गया कि संविधान पार्क के लिए बजट उपलब्ध करवाये जाने हेतु वित्त विभाग/राज्य सरकार को पत्र लिखा जा चुका है। परन्तु आदिनांक तक बजट उपलब्ध नहीं हुआ हैं। बजट प्राप्त होने के | **A.- संविधान पार्क :–**<br>• माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा समस्त विश्वविद्यालयों को संविधान पार्क व स्तम्भ का निर्माण दिनांक 30 जून, 2024 तक आवश्यक रूप से किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये, साथ ही संविधान पार्क व स्तम्भ का निर्माण विश्वविद्यालय परिसर में ही किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये है।<br>**B.- गोद लिये गॉवः–**<br>• माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय विश्वविद्यालयों के दीक्षान्त समारोह के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गॉव में जाकर वहां किये गये विकास कार्यो का जायजा लेंगे। | **A.- संविधान पार्क :–**<br>समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय<br>**B.- गोद लिये गॉव :–**<br>जनजातीय कल्याण प्रकोष्ट राजभवन, जयपुर<br>एवं<br>समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय |

| क्र.स. | एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई चर्चा | एजेण्डा बिन्दुओं पर लिया गया निर्णय | विभाग/विश्वविद्यालय जिससे क्रियान्विति अपेक्षित है। |
|---|---|---|---|---|
| | | उपरान्त संविधान पार्क निर्माण की कार्यवाही की जायेगी।<br>• कुलपति, RUHS द्वारा अवगत कराया गया कि संविधान पार्क के निर्माण हेतु विश्वविद्यालय को जगतपुरा में भूमि का आवंटन किया गया है, जिसमें संविधान पार्क का निर्माण कार्य करवाया जायेगा।<br>• कुलपति BTU बीकानेर द्वारा अवगत कराया गया कि विवि के पास संसाधनों की कमी है तथा इस हेतु CPWD विभाग को एस्टीमेट बनाने के लिए पत्र भिजवा दिया गया है।<br>• कुलपति AU Kota द्वारा अवगत कराया गया कि विवि के पास संसाधनों की कमी है। राज्य सरकार को बजट उपलब्ध करवाने हेतु निवेदन किया गया है साथ ही विवि के प्रबन्ध मण्डल द्वारा निर्णय लिया गया है कि छोटे स्तर पर मॉडल लेवल विकसित किया जाये। तद्नुसार विवि में मॉडल लेवल छोटे स्तर पर विद्यार्थियों के लिए विकसित किया गया है।<br>• कुलपति MPUAT, Udaipur द्वारा अवगत कराया गया कि विवि में संविधान पार्क का उदघाटन माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा वर्ष 2020 में किया जा चुका है। संविधान स्तम्भ का निर्माण नहीं हुआ है। अगले 6 माह में संविधान संतम्भ का निर्माण पूर्ण करा लिया जायेगा इस हेतु राज्य सरकार को बजट उपलब्ध करवाने हेतु अनुरोध कर दिया गया है। | • समस्त कुलपतिगण को उनके द्वारा गोद लिये गाँव के अतिरिक्त 5 पंचायतें चिन्हित कर उन्हे गोद लिये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये। इस संबंध में UNICEF द्वारा कुलपतिगण, समस्त राज्य वित्तपोषित विश्वविद्यालय के साथ कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। | |

| क्र.स. | एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई चर्चा | एजेण्डा बिन्दुओं पर लिया गया निर्णय | विभाग / विश्वविद्यालय जिससे क्रियान्विति अपेक्षित है। |
|---|---|---|---|---|
| | | • कुलपति SPUP, Jodhpur द्वारा अवगत कराया गया कि विवि के प्रबन्ध मण्डल ने संविधान पार्क का निर्माण विश्वविद्यालय के संसाधन से ना कराकर राज्य सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त कर करवाये जाने हेतु निर्णय लिया गया है। इस हेतु BFC में प्रस्ताव रखा गया है। पुनः प्रबन्ध मण्डल की बैठक में इस हेतु प्रस्ताव रखा जाकर निर्माण कार्य की कार्यवाही की जायेगी।<br><br>**B.- गोद लिये गॉव :–**<br>• कुलपति ALU, Jaipur द्वारा अवगत कराया गया कि वि.वि के पास शिक्षक नहीं है इसके बावजूद भी वि.वि. द्वारा गांव में Legal Activity/ Legal Support दिया जा रहा है।<br>• कुलपति कौशल विवि, जयपुर द्वारा अवगत कराया गया कि वि.वि के पास Manpower का अभाव है। पूर्व में विवि द्वारा गॉव गोद लिया गया था, परन्तु Manpower के अभाव में कार्य नहीं हो पा रहा है।<br>• कुलपति BTU, Bikaner द्वारा अवगत कराया गया कि वि.वि. द्वारा फालना गॉव गोद लिया गया है, जिसमें बहुत से कार्य करवाये जा रहे है।<br>• कुलपति MBM, Jodhpur द्वारा अवगत कराया गया कि वि.वि. द्वारा धोली गॉव गोद लिया गया है तथा इस हेतु 15 लाख रूपये का बजट भी पारित किया गया है।<br>• कुलपति BABA Amte, Jaipur द्वारा अवगत कराया गया कि वि.वि. के पास भवन/भूमि | | |

| क्र.स. | एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई चर्चा | एजेण्डा बिन्दुओं पर लिया गया निर्णय | विभाग / विश्वविद्यालय जिससे क्रियान्विति अपेक्षित है। |
|---|---|---|---|---|
| | | उपलब्ध नहीं है।<br>• कुलपति Marwar Medical, Jodhpur द्वारा अवगत कराया गया कि वि.वि. में भवन निर्माण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। | | |
| 3. | NEP-2020 को एक समान रूप से लागू करने हेतु बनाई कमेटी की प्रथम अंतरिम रिपोर्ट जो कि प्रमुख सचिव, राज्यपाल के पत्र दिनांक 11 अक्टूबर, 2023 के द्वारा प्रेषित की गयी थी, के क्रियान्वयन की स्थिति | • कुलपति UoR, Jaipur द्वारा अवगत कराया गया कि वि.वि. द्वारा UG एवं P.G. स्तर पर Semester लागू कर दिया गया है। UG में Skill Course चल रहे है UG में इस वर्ष से लागू किये जायेंगे। कुलपति UoR, Jaipur द्वारा अवगत कराया गया कि वि.वि. द्वारा syllabus update कर दिये गये है तथा रिजल्ट भी जारी कर दिये गये है।<br>• कुलपति JNVU, Jodhpur द्वारा अवगत कराया गया कि वि.वि. में Semester System चल रहा है। हमारे विश्वविद्यालय द्वारा NEP-2020 के तहत तैयार किये गये अद्यतन पाठ्यक्रम को दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा Adopt किया गया है।<br>• कुलपति MLSU, Udaipur द्वारा अवगत कराया गया कि वि.वि. में UG एवं P.G. में Semester System लागू है तथा कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक आस–पास के क्षेत्र (सलूम्बर, चितौड़) में जाकर NEP के संबंध में CBCS एवं Semester System के बारे में विभिन्न कालेजों में जाकर जागरूकता दी गई है।<br>• कुलपति VMOU, Kota द्वारा अवगत कराया गया कि उनका विश्वविद्यालय Distance Education System पर संचालित है तथा NEP के तहत 4 वर्ष के कोर्स इस जुलाई से प्रारम्भ किये जायेंगे। विवि | • माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा कुलपतिगण, समस्त राज्य वित्त विश्वविद्यालयों को निर्देशित किया गया कि NEP 2020 को विश्वविद्यालय के साथ–साथ संगठक / सम्बद्ध निजी महाविद्यालयों में भी आवश्यक रूप से लागू करावे।<br>• राज्य सरकार सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों को एन.ई.पी. 2020 के संबंध में पुनः निर्देशित करें।<br>• साथ ही इस हेतु गठित कमेटी अपनी द्वितीय अंतरिम रिपोर्ट राजभवन को प्रेषित करे। | समस्त राज्य वित्त विश्वविद्यालय<br><br>उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार<br><br>प्रो. कैलाश सोडाणी, सदस्य कमेटी |

| क्र.स. | एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई चर्चा | एजेण्डा बिन्दुओं पर लिया गया निर्णय | विभाग/विश्वविद्यालय जिससे क्रियान्विति अपेक्षित है। |
|---|---|---|---|---|
| | | को सरकारी कॉलेजों का सहयोग नहीं मिलता है।<br>• कुलपति MDSU, Ajmer द्वारा अवगत कराया गया कि UG में Semester System लागू है। P.G. में केवल विश्वविद्यालय परिसर में ही Semester System लागू है, सम्बद्ध/संगठक महाविद्यालयों में लागू नही है। 4 वर्ष का कोर्स कुछ विषयों में शुरू किया जा चुका है। विश्वविद्यालय परिसर में तथा सम्बद्ध/संगठक महाविद्यालयों में आलग अलग कोर्स संचालित किये जा रहे है।<br>• कुलपति Matsay University, Alwar द्वारा अवगत कराया गया कि UG के लिए Unified Course बनाये जाने चाहिए।<br>• कुलपति MGSU, Bikaner द्वारा अवगत कराया गया कि वि.वि. में UG एवं P.G. में Arts को सम्मिलित नहीं किया गया था, इस जुलाई से लागू कर दिया जायेगा।<br>• कुलपति Brij University, Bharatpur द्वारा अवगत कराया गया कि वि.वि. में UG एवं PG में Semester System लागू है। Second Semester में फोर्म भर दिये गये है।<br>• कुलपति ALU, Jaipur द्वारा अवगत कराया गया कि वि.वि. के LLB प्रोग्राम में Semester System लागू नहीं है। परन्तु BALLB में Semester System लागू है।<br>• कुलपति BTU. Bikaner द्वारा अवगत कराया गया कि वि.वि. में Semester System लागू है परन्तु AICTE से Affiliation नहीं है। विश्वविद्यालय में | | |

| क्र.स. | एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई चर्चा | एजेण्डा बिन्दुओं पर लिया गया निर्णय | विभाग / विश्वविद्यालय जिससे क्रियान्विति अपेक्षित है। |
|---|---|---|---|---|
| | | 45 दिनों की Trainig compulsory है।<br>• कुलपति Sanskrit University, Jaipur द्वारा अवगत कराया गया कि वि.वि. में पाठ्यक्रम अद्यतन किये जा चुके है। PG में Semester System पहले से ही लागू है।<br>• कुलपति SKRAU, Bikaner द्वारा अवगत कराया गया कि वि.वि. में Semester System लागू है। ICAR कोर्स लागू है।<br>• कुलपति RAJUVAS. Bikaner द्वारा अवगत कराया गया कि वि.वि. में शैक्षणिक से संबंधित सारे निर्देश VCI से प्राप्त होते है। विश्वविद्यालय स्तर पर कोई Choise नहीं है। Vaterinary कॉलेजों में 5 वर्ष का पाठ्यक्रम शुरू किया गया है, साथ ही Academic Council में निर्णय लिया गया है कि जो विद्यार्थी किसी कारण से बीच में कोर्स छोड़ कर चले जाते है वो बाद में आकर भी उस कोर्स का पुनः पूर्ण कर सकते है।<br>• कुलपति SPUP, Jodhpur द्वारा अवगत कराया गया कि वि.वि. द्वारा पाठ्यक्रम अद्यतन किये जा चुके है। CBCS व Semester System लागू है।<br>• सचिव, माननीय राज्यपाल द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकांश विश्वविद्यालयों में CBCS व Semester System, ABC लागू कर दिया गया है।<br>• प्रमुख विशेषाधिकारी, माननीय राज्यपाल द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त राज्य वित्त विश्वविद्यालयों में NEP 2020 लागू किये जाने के संबंध में गठित समिति द्वारा अंतरिम रिपोर्ट दी गई | | |

| क्र.स. | एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई चर्चा | एजेण्डा बिन्दुओं पर लिया गया निर्णय | विभाग/विश्वविद्यालय जिससे क्रियान्विति अपेक्षित है। |
|---|---|---|---|---|
| | | । समिति, अंतिम रिपोर्ट जल्द ही राजभवन को प्रेषित करे।<br>• प्रो. ए. के. गहलोत द्वारा अवगत कराया गया कि समिति द्वारा प्रथम चरण में Semester System लागू करने, UG में 4 वर्ष का ऑनर्स कार्यक्रम लागू किये जाने आदि के लिए प्रथम अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। द्वितीय अंतरिम रिपोर्ट Second Year अथवा जून में दी जायेगी तथा Final Report तृतीय वर्ष में दी जायेगी।<br>• प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी कॉलेजों को विश्वविद्यालयों के कार्य में सहयोग करने हेतु निर्देश प्रदान किये जायेंगे। | | |
| 4. | राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में NEP-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, समस्त विश्वविद्यालयों के कार्यों में एकरूपता, विद्यार्थियों के प्रवेश व परीक्षा कार्यों सहित विद्यार्थियों एवं स्टाफ के विश्वविद्यालयों में जीवनचक्र का डिजिटल रिकार्ड, ई–फाईलिंग सिस्टम, विश्वविद्यालयों के संपूर्ण ई–गवर्नेंस आदि हेतु SUMS के क्रियान्वयन की स्थिति व SUMS को सभी विश्वविद्यालयों में लागू किया जाना। | • कतिपय कुलपतिगणों द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालयों में पदस्थापित कुलसचिव व वित्त नियंत्रकों के मध्य आपसी सामंजस्य नही होने के कारण SUMS लागू किये जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।<br>• कुलपति, Brij, Bharatpur द्वारा अवगत कराया गया कि यदि वित्त विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग SUMS लागू किये जाने के निर्देश प्रदान करे तो SUMS को तुरन्त लागू किया जा सकता है।<br>• कुलपति Baba Amte, Jaipur द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालयों में Process Automation के लिए SUMS का लागू होना आवश्यक है।<br>• मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार द्वारा अवगत | माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा राज्य सरकार द्वारा पूर्व में निर्गत निर्देशों के क्रम में सभी विश्वविद्यालय SUMS लागू करें। इस संबंध में प्रो. ए.के. गहलोत द्वारा SUMS के निष्पादन में अपनाई गई प्रक्रिया के क्रम में स्थिति स्पष्ट की गई। राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में कुलसचिव/वित्त नियंत्रक को पुनः तत्काल निर्देश दिये जाये कि वह इस संबंध में पुनः विचार करें। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय<br><br>उच्च शिक्षा विभाग<br>चिकित्सा शिक्षा विभाग<br>आयुष विभाग<br>कृषि विभाग<br>पशुपालन विभाग<br>कौशल विकास विभाग<br>गृह विभाग<br>संस्कृत शिक्षा विभाग<br>समाज कल्याण विभाग<br>तकनीकी शिक्षा विभाग |

| क्र.स. | एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई चर्चा | एजेण्डा बिन्दुओं पर लिया गया निर्णय | विभाग/विश्वविद्यालय जिससे क्रियान्विति अपेक्षित है। |
|---|---|---|---|---|
| | | कराया गया कि इस विषय पर राज्य सरकार द्वारा वित्त विभाग/ सूचना प्रोद्योगिकी विभाग से राय ली जा रही साथ ही प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा SUMS लागू किये जाने की वर्तमान स्थिति की जानकारी चाही।<br>• प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि इस संबंध में नीतिगत निर्णय हेतु पत्रावली माननीय मंत्री महोदय के पास प्रक्रियाधीन है। साथ ही 25 लाख से अधिक टेण्डर हेतु IT विभाग से अनुमोदन आवश्यक है एवं कतिपय विश्वविद्यालयों की वित्तीय स्थिति भी ठीक नहीं है। जो दरें अनुमोदित फर्म द्वारा लागू की गई है उन्ही दरों पर Adopt करना है। उक्तानुसार वस्तुस्थिति से माननीय मंत्री महोदय को अवगत करा दिया गया है। वर्तमान में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है जिस कारण इस संबंध में निर्णय नहीं हुआ है। | | |
| 5. | राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में बायोमेट्रिक/मोबाईल एप आधारित उपस्थिति प्रणाली लागू करना | • कुलपति MDSU, Ajmer द्वारा मत प्रदान किया गया कि आयुक्त, कॉलेज शिक्षा विभाग, संगठक महाविद्यालयों को अपने स्तर से इस संबंध में पत्र जारी करें।<br>• शासन सचिव, सूचना, प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा अवगत करवाया गया कि विभाग द्वारा इस हेतु मोबाईल बेस्ड एप बनाया गया है, जो जी.आई.एस. इनेबल सिस्टम है एवं कार्मिक अपने परिसर में पहुंच कर एप पर अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकते है तथा विश्वविद्यालय | माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा दिनांक 31.05.2024 तक समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों, संगठक/सम्बद्ध महाविद्यालयों में इसे लागू करने किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। | समस्त, राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय |

| क्र.स. | एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई चर्चा | एजेण्डा बिन्दुओं पर लिया गया निर्णय | विभाग/विश्वविद्यालय जिससे क्रियान्विति अपेक्षित है। |
|---|---|---|---|---|
| | | इसे अपने डेशबोर्ड पर देख सकते है।<br>• कुलपति Brij, Bharatpur द्वारा अवगत करवाया गया कि सम्बद्ध निजी महाविद्यालय बायोमेट्रिक उपस्थिति देना नहीं चाहते। कॉलेजों में विद्यार्थी नही जाना चाहता।<br>• प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अवगत करवाया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा यदि कॉलेजों से संबंधित सूचना विभाग को प्रेषित कर दी जाये, तो उनकी उपस्थिति ऑनलाईन दर्ज करेंगे। बायोमेट्रिक उपस्थिति थम्ब इम्प्रेशन/आई स्केन से करावें। | | |
| 6. | राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में क्षैत्र विशेष के अनुसार अधिक से अधिक रोजगारोन्मुखी (Skill Based) पाठ्यक्रम तैयार कर अध्ययन कराने की कार्ययोजना | • कुलपति, MBM Jodhpur द्वारा अवगत कराया गया कि Skill dovlopment center की स्थापना के लिए 25 लाख रूपये की सहायता प्राप्त हुई है। साथ ही विशेष विकलांग विद्यार्थियों हेतु Diploma कोर्स अगले सत्र से शुरू किया जायेगा।<br>• कुलपति, RTU Kota द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा NEP 2020 के तहत Training Programm को सम्मिलित किया गया साथ ही विश्वविद्यालय में CBCS लागू है। 18 माह में सभी परीक्षाएं आयोजित करा ली गई है एवं उनके परिणाम जारी कर डिग्रियों का वितरण कर दिया गया है। इस सम्बन्ध में कोई बेकलॉग नहीं है।<br>• कुलपति, SKRAU Bikaner द्वारा अवगत कराया गया कि वर्मी कमपोस्ट, मधुमक्खी, कुक्कुट पालन हेतु ग्रामीण युवाओं को 2 से 5 सप्ताह की ट्रेनिंग दी जायेगी। उक्त प्रशिक्षण से प्रशिक्षित युवक बैंक | माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी शैक्षणिक सत्र से समस्त विश्वविद्यालयों में अधिक से अधिक रोजगारोन्मुखी Skill based पाठ्यक्रम तैयार कर प्रारम्भ किये जावे। | समस्त, राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय |

| क्र.स. | एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई चर्चा | एजेण्डा बिन्दुओं पर लिया गया निर्णय | विभाग/विश्वविद्यालय जिससे क्रियान्विति अपेक्षित है। |
|---|---|---|---|---|
| | | से लोन लेकर अपना स्वरोजगार शुरू कर सकते है, जिससे बेरोजगार युवकों को रोजगार मिलने से प्रदेश में खुशहाली आयेगी।<br>• कुलपति, MPUAT Udaipur द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा AI B.Tech. Course प्रारम्भ किया है जिसके अच्छे परिणाम आ रहे है।<br>• कुलपति SKNAU Jobner द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में Skill के यूनिक कोर्स संचालित किये जा रहे है, जिनके लिए भारत सरकार ने 22 करोड़ रूपये का अनुदान दिया है साथ ही Seed व Quality Control का कार्य भी विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा आर्गेनिक खेती पर विशेष जोर दिया जा रहा है जिसके लिए किसानों का अलग से FPO बनाया गया है। विश्वविद्यालय में खेती हेतु ड्रोन का पहला DGC Training संस्थान है।<br>• कुलपति, AU Jodhpur द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न कम्पनियों के साथ 50 से अधिक MoU किये गये है जिसके लिए छात्रों को प्रशिक्षण दिलवाया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा कच्ची घाणी सरसों तेल, बाजरे के बिस्किट, आचार, मुरब्बा, एवं डेयरी प्रोडक्ट के उत्पादन का कार्य किया जा रहा है।<br>• कुलपति, AU Kota द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा 3 से 4 महीने के लिए 7 Skill बेस्ड प्रोग्राम चलाये जा रहे है साथ ही 10 सप्ताह के नेचुरल फार्मिंग के सर्टीफिकेट कोर्स | | |

| क्र.स. | एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई चर्चा | एजेण्डा बिन्दुओं पर लिया गया निर्णय | विभाग/विश्वविद्यालय जिससे क्रियान्विति अपेक्षित है। |
|---|---|---|---|---|
| | | कराये जा रहे है। अभी तक विश्वविद्यालय द्वारा 800 से 900 किसानों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है।<br>• कुलपति, RAJUAVS Bikaner द्वारा अवगत कराया गया कि वि.वि. के डिप्लोमा पाठ्यक्रम में 10,700 छात्र एनरोल है साथ ही पॉल्ट्री प्रोडक्शन में रूचि हेतु 1–1 साल का डिप्लोमा कोर्स चालू करेंगे, जिसके लिए आगामी कार्य परिषद में प्रस्ताव पारित कराया जायेगा। तीन कोर्स एक–एक सप्ताह के सेल्फ फाईनेंस स्कीम में प्रारम्भ करेंगे, जिससे गांव के बच्चों को स्वरोजगार मिल सके। मास्टर डिग्री इन पॉल्ट्री फार्म में प्रोग्राम शुरू किया है।<br>• कुलपति कौशल विवि, जयपुर द्वारा अवगत करवाया गया कि वि.वि. में कौशल विकास के लिए 145 ट्रेड है।<br>• कुलपति Ayurved, Jodhpur द्वारा अवगत करवाया गया कि भारत सरकार के आयुष विभाग के साथ 05 स्किल डवलपमेंट के प्रोग्राम प्रारम्भ किये गये है, उन्हीं में कुछ पीएचडी प्रोग्राम भी शुरू कर रहे है।<br>• कुलपति UOR Jaipur द्वारा अवगत करवाया गया कि वि.वि. द्वारा 19 स्किल बेस्ड प्रोग्राम यूजी में चालू किये गये है।<br>• कुलपति JNVU Jodhpur द्वारा अवगत करवाया गया कि वि.वि. द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत छात्रों को 02 सेमेस्टर वि.वि. में तथा 02 सेमेस्टर विदेशी विश्वविद्यालय में करने की प्रक्रिया शुरू | | |

| क्र.स. | एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई चर्चा | एजेण्डा बिन्दुओं पर लिया गया निर्णय | विभाग/विश्वविद्यालय जिससे क्रियान्विति अपेक्षित है। |
|---|---|---|---|---|
| | | की गई है।<br>• कुलपति MLSU Udaipur द्वारा अवगत करवाया गया है कि वि.वि. द्वारा 14 स्किल बेस्ड कोर्स चलाये जा रहे है।<br>• कुलपति GGTU Banswara द्वारा अवगत करवाया गया कि वि.वि. द्वारा 02 मास्टर डिग्री प्रोग्राम, बी. टेक ए.आई., बी.सी.ए को विद्या परिषद से अनुमोदित करा लिया गया है तथा डिप्लोमा इन लेबर लॉ सत्र 2024–25 से प्रारम्भ किये जायेंगे। वि.वि. द्वारा अमरकंटक व गोधरा वि.वि. के साथ एम.ओ.यू. साईन किया है, जिसके तहत 04 सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करेंगे।<br>• कुलपति Brij University, Bharatpur द्वारा अवगत करवाया गया कि वि.वि. को रिसर्च वि.वि. के रूप में डवलप करना चाहते है। वि.वि. द्वारा 25 पेपर पब्लिश किये गये है।<br>• कुलपति PDUSU Sikar द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के 21 विभागों में 50 नये पाठ्यक्रम शुरू किये जायेंगे। कौशल विकास के तहत खादी एवं हस्तशिल्प केन्द्र बनाये गये है।<br>• कुलपति MGSU Bikaner द्वारा अवगत कराया गया कि पूरे संभाग में खेल गतिविधियों के लिए विश्वविद्यालय के पास पर्याप्त संसाधन व इन्फ्रास्टक्चर उपलब्ध है जिसके मध्यनजर विश्वविद्यालय में BPS एवं MPS पाठ्यक्रम हेतु आवेदन किया है।<br>• कुलपति VMOU Kota द्वारा अवगत कराया गया | | |

| क्र.स. | एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई चर्चा | एजेण्डा बिन्दुओं पर लिया गया निर्णय | विभाग / विश्वविद्यालय जिससे क्रियान्विति अपेक्षित है। |
|---|---|---|---|---|
| | | कि जुलाई से 12 नये पाठ्यक्रम शुरू किये जा रहे है। विवि को NAAC-A Grade प्राप्त हुई है जिससे हमें Online Courses शुरू करने में आसानी हो रही है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि IGNOU के बाद विश्वविद्यालय के पास दूरस्थ शिक्षा में सबसे ज्यादा 96000 विद्यार्थियों के नामांकन हुए है। विश्वविद्यालय द्वारा महिलाओं को 100% निशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। प्रत्येक 5 वर्ष पश्चात सभी संचालित पाठ्यक्रमों की जांच की जाती है।<br>• कुलपति, RUHS, Jaipur द्वारा अवगत करवाया गया कि एम्स, जोधपुर एवं आई.आई.टी, जोधपुर की तर्ज पर मेडिकल और इंजीनियरिंग इंटीग्रेशन कोर्स चालू किया जाये। | | |
| 7. | राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदेश व देश के औद्योगिक घरानों से विचार विमर्श कर तद्नुसार Skilled छात्रों को रोजगार हेतु कार्ययोजना बनाया जाना | • कुलपति, MBM Jodhpur द्वारा अवगत कराया गया कि सिक्योर मीटर के साथ विश्वविद्यालय द्वारा MoU किया गया है। विश्वविद्यालय के छात्रों को NHAI के साथ ट्रेनिंग हेतु भिजवाया गया है जिसके लिए NHAI द्वारा छात्रों को स्टाई फण्ड भी दिया जा रहा है। जोधपुर इन्डस्ट्रियल एसोसिएशन के साथ विश्वविद्यालय के छात्रों के रोजगार हेतु MoU किया गया है। विश्वविद्यालय के 360 छात्रों का पिछले वर्ष प्लेसमेन्ट हुआ है। वर्तमान सत्र में 300 छात्रों का प्लेसमेन्ट हो चुका है एवं प्लेसमेन्ट प्रक्रिया माह अगस्त 2024 तक सम्पन्न होनी है। विश्वविद्यालय के छात्रों का सबसे अधिकतम 52 लाख रूपये प्रतिवर्ष का | माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त विश्वविद्यालय देश/प्रदेश के प्रमुख उद्योगों के साथ MoU कर अपने पाठ्यक्रमों को औद्योगिक सहभागिता के साथ अधिक रोजगारोन्मुखी बनाए। | समस्त, राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय |

| क्र.स. | एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई चर्चा | एजेण्डा बिन्दुओं पर लिया गया निर्णय | विभाग / विश्वविद्यालय जिससे क्रियान्विति अपेक्षित है। |
|---|---|---|---|---|
| | | प्लेसमेंट हुआ है साथ ही औसत प्लेसमेंट 7 लाख रूपये प्रतिवर्ष का हुआ है।<br>• कुलपति, RTU Kota द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के छात्रों का 70% Placement हो गया है।<br>• कुलपति, Sanskrit University द्वारा अवगत कराया गया कि रोजगारोन्मुखी व्यवस्था के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के बहुत से छात्रों का भारतीय सेना में धर्मगुरू के पद पर चयन हुआ है साथ ही योग साधना के लिए विश्वविद्यालय के छात्र विश्व के 13 देशों में प्रशिक्षण दे रहे है।<br>• कुलपति, SKRAU Bikaner द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किये गये बाजरे के उत्पादों की बिक्री दिल्ली एवं मुम्बई में की जा रही है जिसके अच्छे परिणाम प्राप्त हो रहे है।<br>• कुलपति, MPUAT Udaipur द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा उन्नत मशरूम उत्पादन तथा प्राकृतिक खेती पर कार्य किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के 178 छात्रों को राजकीय एवं 103 छात्रों को निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त हुआ है साथ ही 182 छात्रों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया है। विश्वविद्यालय के छात्र श्री नारायण लाल गुर्जर द्वारा "फसल अमृतम" का आविष्कार किया है श्री गुर्जर द्वारा विश्व के 3 देशों में इस हेतु कार्यालय स्थापित है साथ ही जापान में इस आविष्कार को व्यापक समर्थन मिल | | |

| क्र.स. | एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई चर्चा | एजेण्डा बिन्दुओं पर लिया गया निर्णय | विभाग/विश्वविद्यालय जिससे क्रियान्विति अपेक्षित है। |
|---|---|---|---|---|
| | | रहा है।<br>• कुलपति SKNAU Jobner द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के 15 शिक्षकों को विश्व के 15 देशों में एवं 50 छात्रों को विभिन्न विश्वविद्यालयों में ट्रेनिग हेतु भेजा गया है। विश्वविद्यालय में छात्रों हेतु Job fair and Education fair across the University का आयोजन किया गया है। विश्वविद्यालय की एक छात्रा ने पूरे देश में CUET हेतु आयोजित परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।<br>• कुलपति, SPUP Jodhpur द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय का Campus and Cyber Security मे Placement 100% है। Cyber Security एक गोपनीय प्रोजेक्ट है इस सम्बन्ध में भारतीय सेना के द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्राप्त हुआ है कि भारतीय सेना में कार्यरत अग्निवीर योद्धाओं को Cyber Security से संबंधित डिप्लोमा कोर्स कराया जावे साथ ही विश्वविद्यालय से डिप्लोमा पूर्ण किये छात्रों को राज्य सरकार व RPSC द्वारा वेटेज दिये जाने की मांग की गई है।<br>• कुलपति, AU Jodhpur द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा 40 छात्रों को 6 दिवस की ट्रेनिंग करवाई गई है साथ ही किसानों को उन्नत बीज उत्पादन हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है।<br>• कुलपति, AU Kota द्वारा अवगत कराया गया कि कृषि क्षेत्र की शिक्षा में अच्छा टेलेंट प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा कक्षा 9 से 12 में | | |

| क्र.स. | एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई चर्चा | एजेण्डा बिन्दुओं पर लिया गया निर्णय | विभाग/विश्वविद्यालय जिससे क्रियान्विति अपेक्षित है। |
|---|---|---|---|---|
| | | अध्ययनरत छात्रों को कृषि क्षेत्र की शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया, जिसका परिणाम यह रहा कि पिछले 15 माह में 5000 छात्र–छात्राओं ने विश्वविद्यालय में आकर इस संबंध में कृषि क्षेत्र में ज्ञान प्राप्त कर विश्वास जताया है। विश्वविद्यालय द्वारा "कुलपति विद्यार्थी संवाद" का 16 बार आयोजन किया गया है।<br>• कुलपति, RAJUAVS Bikaner द्वारा अवगत कराया गया कि डेयरी/फूड प्रोडक्शन में इन्टर्नशिप हेतु इन्टर स्टेट कार्यक्रम प्रारम्भ किया है साथ ही डेयरी/फूड टेक्नोलॉजी में अमूल/लोटस के साथ ट्रेनिंग की बात चल रही है, जिसके लिए इन्टर्नशिप करायेंगे।<br>• कुलपति कौशल वि.वि., जयपुर द्वारा अवगत करवाया गया कि वि.वि. के कोर्सेज में विद्यार्थियों का 100% प्लेसमेंट है।<br>• कुलपति Ayurved Jodhpur द्वारा अवगत करवाया गया कि वि.वि. द्वारा 13 एम.ओ.यू. साईन किये गये है।<br>• कुलपति UOR Jaipur द्वारा अवगत करवाया गया कि स्वरोजगार हेतु Entrepreneurship में डिप्लोमा कोर्स का संचालन किया जा रहा है। रोजगार एवं Career फेयर का आयोजन किया जायेगा, जिसमें विश्वविद्यालय Alumni को भी सम्मिलित किया जायेगा।<br>• कुलपति JNVU Jodhpur द्वारा अवगत करवाया गया कि वि.वि. द्वारा 04 रोजगार मेले आयोजित | | |

| क्र.स. | एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई चर्चा | एजेण्डा बिन्दुओं पर लिया गया निर्णय | विभाग/विश्वविद्यालय जिससे क्रियान्विति अपेक्षित है। |
|---|---|---|---|---|
| | | किये जा चुके है।<br>• कुलपति GGTU Banswara द्वारा अवगत करवाया गया कि वि.वि. द्वारा तीन बार "कुलपति शोधार्थी संवाद" का आयोजन किया गया है।<br>• कुलपति Brij University, Bharatpur द्वारा अवगत करवाया गया कि "युवा संवाद कार्यक्रम" का आयोजन किया गया।<br>• कुलपति PDUSU Sikar द्वारा अवगत कराया गया कि महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ 3 संवाद कार्यक्रम आयोजित किये गये। वि.वि. द्वारा On Screen Evaluation के तहत फरवरी में परीक्षा करवाकर फरवरी में परिणाम घोषित कर दिये गये है।<br>• कुलपति Matsya University, Alwar द्वारा अवगत कराया गया कि अलवर जिले में भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र है। युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध करवाने के लिए औद्योगिक क्षेत्र के विशेषज्ञों के माध्यम से Skill Based पाठ्यक्रमों पर चर्चा कर नये पाठ्यक्रम प्रारम्भ करेंगे।<br>• कुलपति MDSU Ajmer द्वारा अवगत कराया गया कि विवि द्वारा गोद लिए गांवों के दूधारू पशुओं हेतु Azolla Capsule बनाया है जिससे दूधारू पशुओं के दूध की गुणवत्ता एवं मात्रा में काफी बढ़ोतरी हुई। उक्त केपसूलों का वितरण गोद लिए गांवों में किया जा रहा है जिससे ग्रामवासी लाभान्वित हो रहे है। Fermentation process में भी ट्रेनिंग दी जा रही है। | | |

| क्र.स. | एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई चर्चा | एजेण्डा बिन्दुओं पर लिया गया निर्णय | विभाग/विश्वविद्यालय जिससे क्रियान्विति अपेक्षित है। |
|---|---|---|---|---|
